# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

## उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।

साइ आर्शीवाद भवन केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, E-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 7694 / एम–16 /196 दिनांकः 23 / 08 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः– दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल में ''**सीतापुर जल जीवन मिशन की पानी की टंकी में दरारें**'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल में '' **सीतापुर जल जीवन मिशन की पानी की टंकी में दरारें**'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड पिसावा की ग्राम पंचायत अर्थाना पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

प्रश्नगत खबर में शिरोपरि जलाशय में स्टेयर केस एवं शिरोपरि जलाशय स्लैब के ज्वाइंट के पास दरारें बतायी गयी है जो खबर निराधार है एवं सत्य से परे है।

उक्त के सम्बन्ध सादर अवगत कराना है कि स्टेयर केस एवं शिरोपरि जलाशय स्लैब के पास कन्स्ट्रक्शन ज्वाइंट की लाइन थी जो निर्माण प्रकिया का हिस्सा है जिसकी सूचना पूर्व में कार्यालय को प्राप्त हो गयी थी जिसे Approved Methodology के अनुसार Randroc RG Material से ठीक करा दिया गया है एवं अधिक बारिश होने से मृदा सेटलमेंन्ट होने के कारण पम्प हाउस के बरामदा की फर्श में पिलिंथ ज्वाइंट पर दरार आ गयी थी जिसको भी सही करा दिया गया है। उक्त दोनों स्थलों पर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार परिलक्षित कमियों से न तो पम्प हाउस एवं न ही शिरोपरि जलाशय के स्ट्रैन्थ या स्टैबिलिटी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

उक्त के अतिरिक्त खबर प्रकाशक को भी खण्ड के सहायक अभियन्ता द्वारा उनके व्हाट्सअप पर दिनांक 22.08.2026 को ही उक्त दोनों कमियों को सही कराके फोटोग्राफ सहित अवगत करा दिया गया था कि उक्त से शिरोपरि जलाशय की संरचना की सुरक्षा/स्थायित्व से कोई सम्बन्ध नहीं है।

आज दिनांक 23.08.2026 को आप महोदय के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में खण्ड के जूनियर इंजीनियर, मेसर्स सिन्सेस टेक लि0(टी0पी0आई0) के सेफ्टी इंजीनियर एवं मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के डी0पी0एम0 को पुनः साइट पर भेजकर शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता जांच हेतु एन0डी0टी0–यू0पी0वी0 टेस्ट कराया गया, जिसके परिणाम मानकोनुसार पाये गये। इस प्रकार विकास खण्ड पिसावा की अर्थाना पेयजल योजना में निर्मित शिरोपरि जलाशय एवं अन्य स्ट्रक्चर की गुणवत्ता पूर्णताः ठीक है एवं किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। प्रकाशित खबर निराधार है एवं सत्य से परे है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक– स्थलीय फोटोग्राफ संलग्न

भवदीय,

(ए0के0 त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
6– मेसर्स सिन्सेस टेक, लि0, सीतापुर।
7– डी0जी0एम0 मे0 एन0सी0सी0, सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता

# अर्थाना पेयजल योजना के फोटोग्राफ
















